





# मालवा फर्स्ट

**MALWA FIRST**


RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक: ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार
21 जून 2023

वर्ष 01, अंक 14 – मूल्य 02 रूपए



E-mail: nmh_pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 60,950 Silver 74,470 Crude Oil 6,605 Natural Gas 174,70 Aluminium 206,85 Copper

## काम की खबर

### जीरन की गढ़ी सामुदायिक भवन में योग शिविर आयोजित



नीमच। म.प्र.शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 को पर्यटन स्थल जीरन की गढ़ी सामुदायिक भवन में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पार्षद अनीता दिलीप सुथार ने भगवान धन्वंतरी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में एलईडी पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सीधा प्रसारण कर जीरन वासियों द्वारा योग किया गया।

अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम में पतंजलि योग संस्थान के कमला शंकर भट्ट, कैलाशचंद आयुष विभाग के डा.बादरसिंह वास्केल, आजाद मंसूरी, योगाचार्य आनंदशर्मा एवं आयुष स्टाफ, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी द्वारा पूर्ण सहयोग कर योग कार्यक्रम को सफल बनाया।,अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिकप्रतिभागियों ने योग का लाभ लिया।

### आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाये-श्री जैन



नीमच। सभी निर्माण विभागों के अधिकारी, उनके मार्गों,सडकों पर दुर्घटना संभावित स्थानों, चौराहों, सडकों के स्थल चिहिंत कर, उनको दुरस्त करवाने के प्रांक?कलन तैयार कर, लोक निर्माण विभाग को भोपाल भिजवाये। नगरीय क्षेत्रों में आवारा पशुओं की रोकथाम की प्रभावी कार्यवाही की जाये। ट्रेक्टर, ट्रालियों पर रिप्लेक्टर लगवायें जाये।यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिलास्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक में सभी सीएमओं व निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में एस.पी.श्री अमित कुमार तौलानी, एडीएम सुश्री नेहा मीना, आरटीओ सुश्री रितु अग्रवाल व अन्?य अधिकारी, यातायात थाना प्रभारी श्री मोहन भरार्वत भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए, कि सडक सुरक्षा समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों और निर्देशो का आगामी बैठक के पूर्व कार्यवाही पूरी कर, पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री जैन ने स्पेन्टा पेट्रोल पम्प के समीप निर्माणाधीन पुलिया का निर्माण कार्य तत्काल पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस पर सेतु निगम के सहायक यंत्री ने अवगत कराया, कि उक्त पुलिया निर्माण के लिए नवीन एजेंसी तयकर, दी गई है, और दो माह में पुलिया का काम पूरा करलिया जावेगा। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को निर्देश दिए, कि वे अपने विभाग की सभी सडको के दोनो और की झाडियों को हटवाने का कार्य तत्काल करवाये। साथ ही विभाग सडक के पास स्थित स्कूलों के संकेतक बोर्ड भी लगवायें। कलेक्टर ने एसपीआरडीसी व लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री को हाईवे तथा फोरलेन की रैलिंग्स पर रेडियम लगवाने के निर्देश भी दिए। आरटीओ ने पूर्व बैठक के प्रतिवेदन का वाचन किया।

### प्रसिद्ध समाजसेवी मालवा मेवाड़ के सम्राट अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा माताजी का गृभगृह,

# सभा मंडप सहित मंदिर परिसर में 5 करोड से अधिक के निर्माण कार्य माता के चरणों में अर्पित, चमत्कारिक स्थल महामाया मां भादवा का बनेगा दिव्य मंदिर

मालवा फर्स्ट
नीमच, 21 जुन 2023, बुधवार



नीमच। मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से विश्व विख्यात चमत्कारिक स्थल महामाया भादवामाता का दिव्य मंदिर बनेगा। मंदिर निर्माण इन दिनों जोर–शोर से चल रहा है। मां भादवा का मंदिर अपने आप में अनूठा होगा, भव्य मंदिर की डिजाईन को गुजरात की प्रसिद्ध आर्किटेक वर्षा बेन द्वारा तैयार किया गया है। रविवार को भादवामाता के आस्था भवन पर मंदिर निर्माण में बेहतर से बेहतर कार्य के लिए कलेक्टर दिनेश जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मास्टर प्लॉन के तहत होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा हुई। प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा मंदिर निर्माण में बडा योगदान दिया जा रहा है, श्री अरोरा माताजी के आशीर्वाद से मंदिर निर्माण का पूरा काम अपने जिम्मे लिया है। करीब पांच करोड से अधिक की राशि श्री अरोरा द्वारा मंदिर निर्माण में खर्च की जाएगी।

श्री अरोरा मां भादवामाता के अन्यन भक्त है और मां भादवा के प्रति गहरी आस्था रखते है। सालों से माताजी की सेवा में लगे हुए है। मंदिर के संबंधित कोई भी काम के लिए हमेशा अपने हाथ खुले रखते है। भादवामाता दीन–दुखियों की सहारा है, माताजी के दरबार में आने वाला भक्त कोई खाली हाथ नहीं जाता है। चाहे लकवा पीडित हो या फिर अन्य बीमारियां। किसी की आंख चली गई हो या फिर बीमार। माताजी की भक्ति में इतनी शक्ति है कि गंभीर बीमारी से पीडित व्यक्ति कुछ दिनों में ही माता के दरबार में चलने–फिरने लग जाता है। मास्टर प्लॉन का काम पिछले कई सालों से धीमी गति से चल रहा था, लेकिन प्रशासन और समाजसेवियों के प्रयास से अब माता का दिव्य मंदिर बनने जा रहा है, पिछले करीब दो माह से निर्माण जारी है। आने वाले कुछ ही माह में भक्तों को एक उद्भूत तथा दिव्य मंदिर दिखेगा, जिसकी पराक्रम से भक्तों में नई उर्जा का संचार होगा। बावडी से लेकर मंदिर परिसर चकाचक होंगे। मास्टर प्लॉन के तहत करीब 26 करोड के विकास कार्य मंदिर में होने है। इसमें समाजसेवी भी शामिल है। भादवामाता के परम भक्त अशोक अरोरा गंगानगर ने मंदिर परिसर का काम अपने हाथ में लिया है। पांच करोड से अधिक की राशि माताजी के मंदिर निर्माण में वे ही खर्च करेंगे। उनके द्वारा माताजी गृभ गृह, बावडी, शिव मंदिर गृभ गृह, रंग मंडप, सभा मंडप, हवन कुंड, शिवजी का सभा मंडप, झरोखे, बावडी आदि निर्माण कार्य करवाएं जाएंगे। इंजीनियर और सुपरवाईजर की निगरानी में ये काम युद्ध स्तर पर चल रहे है। समाजसेवी कैलाश धानुका की तरफ से मंदिर परिसर में बाउंड्रीवाल का निर्माण होगा। वहीं मंदिर समिति द्वारा अन्य विकास कार्य होंगे।

**एलईडी के माध्यम से माता के दर्शन–** इन दिनों माताजी नया मंदिर निर्माण जारी है। प्रशासन द्वारा भक्तों के लिए एलईडी के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था की गई है। सैकडों भक्त माताजी के दर्शन कर रहे है और सुबह–शाम माता के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर माता के करोडों भक्तों में जबरदस्त उत्साह है।

**माताजी ने नेक काम में शामिल किया, यह हमारा सौभाग्य है–** रविवार को आस्था भवन में निर्माण कार्यों में बेहत से बेहतर क्या किया जाए, इसके लिए बैठक हुई।

बैठक में कलेक्टर दिनेश जैन, एसडीएम ममता खेडे, आर्किटेक वर्षा बेन, अर्जुन हबलानी, समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर, कैलाश धानुका, मंदिर समिति प्रबंधक अजय ऐरन, पंडित विक्रम शास्त्री, गोपाल गर्ग जीजी, सचिव महेंद्र गुर्जर सहित मंदिर कमेटी के सदस्य व समाजसेवी मौजूद थे। बैठक में मौजूद सभी ने कहा कि माताजी ने इस नेक काम में हमें शामिल किया है, यह हमारा सौभाग्य है। जिदंगी में इससे बडा कोई काम नहीं हो सकता। माताजी के आशीर्वाद से जल्द ही भव्य मंदिर बनेगा। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि समाजसेवियों का आभार है, जिनके सहयोग से मंदिर निर्माण में चार चांद लगने वाले है।

## कुयात तस्कर कमल राणा महाराष्ट्र के शिर्डी से गिरतार

### जयपुर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा, पिछले 1 महीने से कर रही थी तलाश, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश में तस्कर कमल राणा पर था ईनाम घोषित

मालवा फर्स्ट
नीमच, 21 जुन 2023, बुधवार






नीमच। मध्य प्रदेश राजस्थान का मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा गिरफ्तार। जयपुर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने महाराष्ट्र के शिर्डी से किया गिरफ्तार। कमल राणा सहित 5 गिरफ्तार।

तस्कर कमल राणा पर मध्य प्रदेश व राजस्थान की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। राजस्थान पुलिस ने 50 हजार का तो एमपी पुलिस ने 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। बता दे कि लंबे समय से मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा तस्करी व अन्य आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। जिसकी तलाश मध्यप्रदेश पुलिस सहित राजस्थान पुलिस को थी।

जानकारी के अनुसार कमल राणा को अन्य चार साथियों के साथ शिर्डी से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पिछले डेढ़ माह से जयपुर क्राइम ब्रांच पुलिस कमल राणा को गिरफ्तार करने के लिए पीछे लगी हुई थी।

**– ये है गिरफ्तार।**

कमल राणा पिता डूंगर सिंह बम्बोरी थाना रठाजना जिला प्रतापगढ़, जितेंद्र उर्फ जीतू पिता भारतसिंह निवासी हरकीयखाल जीरन, ओमप्रकाश उर्फ गुड्डू पिता कालू रावत निवासी गमेरपुरा थाना जीरन, वीरेंद्र पिता हरिसिह जाट, चंद्र पिता भवर सिंह। *शेष पेज ०२ पर...*

### स्पीड ब्रेकर के कारण बाइक से गिरी महिला गंभीर घायल



नीमच। शहर मैं अधिकतर मुख्य सड़कों पर नगर पालिका द्वारा बनाए गए अमानक स्पीड ब्रेकरों के कारण आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया जब गोमाबाई नेत्रालय से उपचार करा कर एक व्यक्ति अपनी पत्नी को बाइक पर बिठाकर घर की ओर जा रहा था तभी गायत्री मंदिर रोड पर बने स्पीड ब्रेकर से जैसे ही गाड़ी गुजरी तो पीछे बैठी महिला अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई,घटना में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## रोटरी लब नीमच कैंट के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष घोषित





नीमच। रोटरी क्लब नीमच केंट के अध्यक्ष रोटे. मुकेश बाहेती संस्थापक रोटे. ओमप्रकाश काबरा ने सर्वानुमती से रोटरी क्लब नीमच कैंट सत्र 2023 –24 के लिए अध्यक्ष प्रदीप ओसवाल सचिव संदेश माहेश्वरी कोषाध्यक्ष विशाल जैन को बनाया गया। अध्यक्ष मुकेश बाहेती ने बताया कि सत्र की कार्यकारिणी की घोषणा कर पदस्थानांतरण 24 जून को मुख्य अतिथि डिस्ट्रीक्ट 3040 के सत्र 2023–24 के मण्डलाध्यक्ष रोटे. रितु ग्रोवर एवं डिस्ट्रिक्ट के विशेष अतिथि व जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में सेवा कार्यों एवं 15 से अधिक नए रोटरी सदस्यो के साथ शपथ लेकर वर्ष भर कई सेवा प्रकल्पो के कार्य रोटरी क्लब नीमच कैंट के द्वारा किए जाएंगे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2023: स्वच्छता लेग मार्च निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



नीमच। नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेन्द्र वशिष्ट के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नीमच शहर को श्रेष्ठ पायदान पर लाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नीमच शहर में जहां स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित, नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा के मार्गदर्शन में निरंतर सफाई कार्य का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में लगे हुए हैं। वहीं नगरपालिका की सहयोगी संस्था वन क्लीक सोल्यूशन द्वारा प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

शनिवार को नगरपालिका के तत्वावधान में वन क्लीक सोल्यूशन संस्था द्वारा बंगला नं. 60, पुरानी नगरपालिका से स्वच्छता फ्लेग मार्च निकाला गया। स्वच्छता फ्लेग मार्च को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्याम टांकवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता फ्लेग मार्च में आगे–आगे स्वच्छता रथ स्वच्छता गीतों से नागरिकों को जागरूक कर रहा था। वहीं उसके पिछे कतारबद्ध नगरपालिका के कचरा वाहन, नागरिकों को अपने घर व संस्थान का गीला व सूखा कचरा अलग–अलग एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डालने हेतु प्रेरित कर रहे थे। स्वच्छता रथ के माध्मय से चौराहे–चौराहे पर नागरिकों को हानिकारिक पॉलिथिन का उपयोग न करने, बाजार से खरीददारी करने हेतु जाते वक्स कपड़े की थैली साथ ले जाने व सड़क पर कचरा न फैकने हेतु जागरूक कर रहा था। स्वच्छता फ्लेग मार्च में कन्हैयालाल शर्मा, नपा के स्वच्छता निरीक्षक भारतसिंह भारद्वाज, अशोक अहीर, भेरूलाल अहीर, देवानंद तोड़े, गोपाल नरवाले, वन क्लीक सोल्यूशन की सदस्य श्रीमती पिंकी गेहलोत, फुरकान, श्री अयान सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक कर्मचारी शामिल थे।

## राज्य स्तरीय कैडैट जूडो प्रतियोगिता मै नीमच के खिलाड़ियो ने 4 पदक जीतकर किया शानदार प्रदर्शन

नीमच। म.प्र.जूडो एसोसिएशन (सम्बद्ध जूडो फेडरेशन आफ इंडिया/म.प्र. ओलम्पिक एसोसिएशन) द्वारा राज्य स्तरीय कैडैट जूडो प्रतियोगिता 2023 का आयोजन दिनांक 17–18 जून 2023 तक क्रिशचियन कालेज इन्दौर में किया गया। म.प्र. जूडो एसोसिएशन के सह सचीव एंव नीमच जिला जूडो एसोसिएशन नीमच के सचीव एंव मुख्य प्रशिक्षक भरत सिंह कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में म.प्र. की सभी मान्यता प्राप्त चयनित जिला टीमो ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में नीमच जिला जूडो टीम के चयनित 5 खिलाड़ियों ने मुख्य प्रशिक्षक भरत सिंह कुमावत एवं सहायक दिलखुश नागदा के मार्गदर्शन में भाग लेते हुए 3 रजत पदक 1कास्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया जिसमें कु.भावना सौलंकी,दक्ष मांगरिया,नामदेव मालवीय ने कास्य पदक–मंथन डाबले व नीमच की कु.वंशीका नागलोथ ने भी अपने प्रारंभिक मुकाबले जीते किन्तु पदक प्राप्त करने से चुक गई।इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारी ओम सोनी ,म.प्र.जुडो एसोसिएशन के सचिव नरेश टटवाडे, टेक्निकल चेयरमैन कुरूष दिनशा ने पदक पहनाकर सम्मानित किया ओर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिले में सभी गौशालाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करें-कलेटर जैन



नीमच। जिले के तीनों विकासखण्डों में निर्माणाधीन कुल 45 गौशालाओं में सभी आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण करवाकर, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। ग्रामीणों की समिति गठित कर गौशालाओं का संचालन शीघ्र ही प्रारंभ किया जाये। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने सोमवार को जिले में गौशालाओं के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने उप संचालक पशुपालन को निर्देश दिए कि वे ऐसी समितियां जिला भोपाल स्तर पर पंजीयन लंबित है , उनके पंजीयन के लिए पत्र लिखवाये। जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि जिन पंचायतों में गौशालाएं स्वीकृत है, उन पंचायतों का पंजीयन करवाये।

### भ्रष्ट सचिव को बचाने की नई तरकीब

# ना निलंबन, ना एफआईआर, यह कैसी कार्रवाई

नीमच। मनासा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपल्याहाड़ी में सेग्रिकेशन शेड निर्माण कार्य भ्रष्टाचार मामले में जिला पंचायत नीमच ने सचिव राजेन्द्र सिंह अखावत को 15 जून 2023 को अपने आदेश अनुसार जनपद मनासा में अटैच कर दिया है। जनपद मनासा द्वारा गठित जांच दल अनुसार मूल्यांकन करने पर 2 लाख 90 हजार 837 रूपए का गबन पाया गया है, जिसका उल्लेख जिला पंचायत ने स्वंय अपने आदेश पत्र में किया है। वहीं मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के तहत विभागीय जांच बैठा दी गई है, जिसमें मनासा पीसीओ विजयकुमार विजयवर्गीय को मामले की विभागीय जांच कर प्रतिवेदन एक माह में प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए है। जांच में मूल्यांकन के आधार पर गबन सिद्ध हो जाने के बाद भी विभागीय जांच करवाना अचभिंत करता है, क्योंकि यह विभागीय जांच मनासा जनपद के जांच प्रतिवेदन पर सवाल खडे कर रही है, या आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जैसा कि सामाचार में गबन की जानकारी सार्वजनिक की गई थी ठीक जांच में भी वहीं पाया गया। 2.90 लाख का गबन 2 साल पहले किया गया था। जिसका खुलासा भी हुआ और कार्रवाई भी। लेकिन यह कैसी कार्रवाई है जिसमें पंचायती राज एवं ग्राम स्वाराज अधिनियम 1993 की धारा 92 लागू ना करते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के तहत विभागीय जांच बैठा दी गई? क्या सचिव को बचाने का प्रयास किया गया है, और अगर ऐसा नहीं है तो धारा 92 के अन्तर्गत एफआईआर क्यों दर्ज नहीं करवाई गई या निलंबित क्यों नहीं किया गया। विभागीय जांच के नाम पर एक माह का अवसर सचिव को क्यों दिया गया? जबकि धारा 89 के अन्तर्गत मनासा जनपद जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर चुकी है जिसमें भ्रष्टाचार व अनियमितता पाई गई है यह जांच भी विभाग द्वारा ही कि गई है। इसके बाद धारा 92 में कार्रवाई होनी चाहिए थी, मगर ऐसा क्यों नहीं हुआ। यही नहीं अगर सचिव को अवसर देना ही था तो 15 दिवस में राशि शासकीय कोष में जमा करने के आदेश दिये जाने थे ऐसा नहीं करने पर 92 की उपधारा 2 के अधीन जेल में सुपुर्द करने वारंट जारी किए जा सकते थे। जैसा कि 20 दिसम्बर 2021 को ग्वालियर जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी आशीष तीवारी ने आधा दर्जन से अधिक पंचायतों में भ्रष्टाचार करने वाले सरपंच–सचिवों को 30 दिवस जेल में रखने के आदेश दिए थे।

**▶▶ जनपद मनासा द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद दोबारा जनपद मनासा के ही अधिकारी को विभागीय जांच सौंपना और एक माह में पहली जांच की सत्यता की जांच करवाना स्पष्ट करता है, कि आरोपी को बचाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है, जो न्यायोचित ना होकर वरिष्ठ अधिकारीयों की भी संलिप्तता दर्शाने के संकेत दे रहा है। मूल्यांकन में वैसा ही पाया गया है जैसा समाचार में प्रकाशित किया गया था। गौरतलब है कि सचिव देवरीखवासा पंचायत मामले में भी आरोपीत है। इस मामले में कठोर कार्रवाई ना करते हुए रीयायत दी जाना सवाल तो खडे करेगा ही है।▶▶**

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

### रतनगढ़ घाटे पर जाम में मात्र 30 मिनट फंसे मंत्री सकलेचा, तो ठेकेदार पर करवा दी एफआईआर

# कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार ने कहा 7 माह से दुःख भोग रही जनता, जब खुद हुए परेशान तो बौखला उठे

जावद। जावद विधानसभा में भाजपा के जनप्रतिनिधियों व उनके नेताओं पर सत्ता का नशा सिर चढकर बोल रहा है। जनता की समस्याओं से इन्हे कोई सरोकार नहीं है। यदि किसी प्रकार की समस्या भाजपा के जनप्रतिनिधियों व उनके नेताओं पर आ जाएं तो ये सारे नियमों को ताक में रखकर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए अनीति की सारी हदें पार कर देते है। जनता की पी?ा से, उनकी तकलीफों से इन्हे कोई लेना देना नहीं होता है। भाजपा के लोग खुद की स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते है। और ऐसा ही उदाहरण मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा के संरक्षण में निर्दोष व्यक्ति पर की गई कानूनी कार्यवाही में देखने को मिला।
इस संबंध में कांग्रेस नेता व जावद के पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार ने कहा की रतनगढ घाट सेक्शन का कार्य चलने से बीते 7 महीनो से हजारों की संख्या में आमजनता पीडा भोग रही है। लोगो को मात्र 30 किमी की दूरी भी 100 किमी घूमकर जंग लडते हुए तय करना पडी, उसके बाद 15 किमी की दूरी उबढ खाबढ बायपास पर जिंदगी से जंग लडते हुए खतरो के बीच जान हथेली पर लेकर तय करना पड़ी। उस समय कोई घटना घटित नहीं हुई भगवान का शुक्र है। अब घंटो जाम में फंसकर परेशानी झेल रहे है। क्षेत्र की जनता ने व किसानों ने रतनगढ घाटे पर चल रहे कार्य को लेकर आने जाने में हो रही परेशानी से निदान की मांग को लेकर संबंधित प्रशासन सहित मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा को सैकडों आवेदन ज्ञापन दिए, मौखिक चर्चा की लेकिन किसी पर कोई असर नहीं हुआ। जिसके चलते आज भी आमजनता पीडा भोग रही है। यदि इसी प्रकार की समस्या भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर आ जाएं तो ये किसी भी हद तक जाकर ऐसा कारनामा करते है जिससे किसी निर्दोष का नुकसान तक हो जाता है। कुछ इसी तरह की घटना बीते 5 दिनों पूर्व रतनगढ घाटे पर घट चुकी है। जहां मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा जाम में मात्र 30 मिनट रुकने से उनके सब्र का बांध टूट गया औरउन्होंने निर्दोष व्यक्ति घाट निर्माण ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज तक करवा दी। जब जनता समस्या बता रही थी तब मंत्रीजी को कोई तकलीफ नहीं हुई। बीते 6 महीने तक तो ठेकेदार के तलवे चाटे अब जब बात नहीं बन रही और अब लेन देन में तकलीफे आई होगी तो ठेकेदार के पीछे पड गये। ठेकेदार से बातचीत में दाल नहीं गली या ठेकेदार उनके विश्वास पर खरे उतरे नहीं होंगे तो ठेकेदार को परेशान करना चालू कर दिया और मात्र 30 मिनिट जाम में फंसे रहने का बहाना बनाकर ठेकेदार पर एफआईआर तक करवा दी।



सत्यनारायण पाटीदार ने कहा की रतनगढ घाटे पर 6 दिनों पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा जाम में फंस गए। वे मात्र 30 मिनट फंसे रहे, क्योंकि घाट का काम चल रहा यह सभी को पता है ऐसे में 30 मिनट रुकने से मंत्री का इगो हर्ट हो गया और उन्होंने अपने मंत्री पद का दुरुपयोग करते हुए वहां के ठेकेदार पर एफआईआर करवा दी। आश्चर्य तो तब हुआ जब प्रशासन भी भाजपा सरकार व मंत्री सकलेचा के हाथो की कठपुतली बनकर एफआईआर करवाने में पीछे नहीं रहा। पाटीदार ने कहा की रतनगढ़ घाट सेक्शन पर काम चलने से बीते 7 महीनो से आमजनता जंग लडने के बाद भी पीडा भोगती आ रही है। रतनगढ घाट सेक्शन मार्ग काम चलने से एमपी के लगभग 175 गांव के रहवासियों को परेशानियां उठाना पड रही है वही इससे लगे राजस्थान के गांव भी सम्मिलित है। शिक्षा की नगरी कोटा जाने के लिए यह मार्ग सुगम पडता है इसलिए इस मार्ग पर नीमच, मंदसौर, रतलाम सहित अन्य क्षेत्रों के हजारों लोग आना-जाना करते हैं जब से रतनगढ घाट सेक्शन का कार्य प्रारंभ हुआ तब से आम जनता को भारी परेशानी उठाना पड रही है। जबकि उस समय मंत्रीजी चाहते तो 10 मीटर चौड़ा रोड़ बन रहा है तो 5 मीटर रोड़ एक बार बना देते और 5 मीटर दूसरी बार जिससे एक 5 मीटर रोड पर आवागमन चालू करवाकर आमजनता को राहत प्रदान कर सकते थे उसमें बायपास की जरूरत भी नहीं थी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते जनता ने परेशानियों भरी जिंदगी जीती आ रही है।

पाटीदार ने कहा की जनता परेशान होकर सिर्फ ज्ञापन देने तक सीमित रही और 7 माह में उसके अलावा कुछ नहीं किया पर मंत्री ओम सकलेचा जो 30 मिनट जाम में फंस गए तो ठेकेदार पर एफआईआर करवा दी। ये अनीति है। पाटीदार ने कहा की मंत्री ओम सकलेचा ने निर्दोष ठेकेदार पर एफआईआर करवाकर तानाशाही की है। जब आमजनता घाट सेक्शन पर आ रही परेशानी को लेकर समस्या समाधान की बात करती है, जाम से निजात दिलाने की मांग करती है तब मंत्री को जनता की परेशानी नहीं दिखती, जब खुद 30 मिनट जाम में फंस गए तो एफआईआर करवा दी। जनता की परेशानी से उन्हें कोई मतलब नही और खुद पर परेशानी आई तो अनीति कर दी।

सत्यनारायण पाटीदार ने मंत्री ओम सकलेचा से कहा की जाम में फंसने का जिम्मेदार ठेकेदार नहीं है। ठेकेदार पर एफ आई आर करवाकर आपने तानाशाही की है जोकि सरासर गलत है आपको ठेकेदार पर की गई कार्रवाई वापस लेकर उसके साथ न्याय करना चाहिये।

## कभी खिारी तो कभी सर्वेयर बन कर करीब की रैकी

### कुयात मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा समेत 5 आरोपी शिर्डी से गिरतार, कैसे पकड़ाया राण पड़े पूरा घटनाक्रम

जयपुर। राजस्थान और मध्य प्रदेश के मोस्ट वांटेड तस्कर कमल राणा को राजस्थान सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने महाराष्ट्र के शिर्डी से गिरफ्तार कर लिया है। शिर्डी के एक होटल से क्राइम ब्रांच ने कमल राणा के साथ उसके 4 अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है। कमल राणा पर एनडीपीएस, हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास व अवैध फायर आर्म्स के 40 प्रकरण दर्ज है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में तस्करी व अन्य आपराधिक मामलों में फरार चल रहे मोस्ट वांटेड तस्कर राणा की लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। इस पर राजस्थान पुलिस द्वारा 50 हजार व एमपी पुलिस द्वारा 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।



एडीजी एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम काफी समय से कमल राणा के पीछे लगी हुई थी। प्राप्त आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी के महाराष्ट्र के शिरडी क्षेत्र में छुपे होने की सूचना मिलने पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के सुपर विजन में विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम में जिला चित्तौड़गढ़ से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह कॉन्स्टेबल रमेश, भीलवाड़ा जिले से अटैच गोपाल लाल व विजय सिंह, क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, कॉन्स्टेबल मुकेश और आयुक्तालय जयपुर से हेड कांस्टेबल कमल शामिल थे।
एडीजी ने बताया कि स्थानीय सहयोग के लिए आईजी प्रफुल कुमार ने अहमदनगर एसपी राकेश ओला से समन्वय बनाया। शिरडी पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से करीब 400 होटलों की तलाशी लेकर वांटेड राणा को तलाश कर लिया एवं कमल सिंह राणा पुत्र डूंगरसिंह (26) निवासी बम्बोरी थाना रठाजना जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

दिनेश एमएन ने बताया कि वान्टेड तस्कर राणा के साथ टीम ने उसके 4 अन्य साथियों जितेन्द्र सिंह पुत्र भारत सिंह निवासी कोटडी ईस्तमुरार जीरन, ओमप्रकाश उर्फ गुड्डु रावत पुत्र कालु रावत निवासी गमेरपुरा, विरेन्द्र सिंह जाट पुत्र हरि सिंह (19) निवासी रायनखेडा और चन्दर सिंह पुत्र भँवर सिंह निवासी कोटडी इस्तमुरार हर्कियाखाल को भी गिरफ्तार किया। यह चारों बदमाश भी कई आपराधिक प्रकरणों में वांछित चल रहे हैं। इस कार्रवाई में चित्तौड़गढ़ जिले से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह और कॉन्स्टेबल रमेश की आसूचना में विशेष भूमिका रही एवं हैड कांस्टेबल रामावतार ने इस ऑपरेशन में सराहनीय तकनीकी सहायता प्रदान की।

**जीरन, प्रतापगढ़ में भेस बदलकर की रैकी-**


कमल राणा को पकड़ने के लिए राजस्थान सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने करीब ढेड़ महिने कड़ी मशक्कत। टीम ने भेस बदल बदल कर कभी भिखारी तो कभी सर्वेयर बन कर करीब रैकी की। पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में करीब डेढ़ महीने तक कड़ी मेहनत करते हुए तस्कर कमल राणा को पकड़ने के लिए कभी भीकारी तो कभी सर्वेयर बन कर जीरन प्रतापगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में प्रयास किया लेकिन पुलिस के होने की जानकारी राणा को लग गई और उसने यह इलाका छोड़कर महाराष्ट्र के शिरडी चला गया वहीं पुलिस ने साइबर सेल की मदद से शिर्डी से उसे और उसके चार अन्य साथियों को पकड़ने की सफलता हासिल की

## कलेटर जैन ने की जनसुनवाई-125 लोगों की सुनी समस्याए



नीमच। कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को कलेक्टर दिनेश जैन ने जनसुनवाई करते हुए-125 आवेदको की समस्याएं सुनी,और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, सहायक कलेक्टर सृजन वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में लसुडीतवंर के पर्वतसिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि सेन्ट्रल बैंक के खाते में डलवाने, ग्वालटोली नीमच की मोहनीबाई मेघवाल एवं मंजुबाई प्रजापति ने सर्वे कर पटटा दिलवाने, कुण्डवासा के कैसरलाल रावत ने डूब की भूमि विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, जीरन के शफी मोहम्मद ने खादिम नियुक्त करने, जयसिंहपुरा की केसरबाई जाटव ने भूमि का सीमांकन करवाने, सुवाखेडा के प्रकाश डांगी ने खेत पर आने जाने का रास्ता दिलवाने, रेवली-देवली के सोमनाथ बैरवा ने भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, कनावटी के राधेश्याम जाटव ने वृद्धावस्था पेंशन राशि जारी करवाने,स्टेशन रोड नीमच की रूखसार बी ने विद्युत कनेक्शन दिलवाने, जवाहर नगर नीमच के नंदकिशोर चौधरी ने रिपोर्ट पर कार्यवाही करने एवं रामपुरा की अर्पिता तिवारी ने सरपंच पुत्र व पंचायत कर्मी द्वारा प्रताडित करने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।






# कृषक जागृति शिविर में 120 किसानों ने प्रशिक्षण शिविर में खेती तकनीक सिखी

नीमच। इफको एमसी ने किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन रविवार को देव कृषि बा. संगठन के तत्वावधान में इफको एमसी द्वारा किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में राज्य कार्यालय इफको भोपाल से राज्य विपणन प्रबन्धक पी. सी. पाटीदार, डॉ. ओमशरण तिवारी सीनियर मैनेजर इफको, विजय कुमार द्विवेदी,आर एम एम इफको-एमसी, संजय कुमार महाजन, चीफ मैनेजर इफको मंदसौर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश मंडलोई उपसंचालक कृषि जिला नीमच रहे और अध्यक्षता पी.सी.पाटीदार ने की। मुख्य अतिथि श्री मंडलोई ने इफको एवं इफको-एमसी के किफायती एवं उच्च गुणवत्ता के उत्पादों की सराहना करते हुए किसानों को उक्त उत्पादों एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने की सलाह दी। राज्य प्रमुख पीसी पाटीदार ने इफको नैनो यूरिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग के लिए प्रेरित किया एवं ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरकों के प्रयोग के बारे में भी बताया। डॉ. ओमशरण तिवारी एवं संजय कुमार महाजन ने आगामी खरीफ में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागारिका, जल घुलनशील उर्वरक, जैव उर्वरक आदि के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

एमसी के रीजनल मार्केटिंग मैनेजर विजय कुमार द्विवेदी ने किसानों को सोयाबीन में रोग कीट व्याधि के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ ह्यूमेटसू के महत्व एवं उपयोग के बारे में बताया। साथ ही किसानों द्वारा कृषि रसायनों की खरीदी पर किसानों के लिए लाभकारी योजना किसान सुरक्षा बीमा योजना की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन श्री देव कृषि बा. संगठन के संचालक चंपालाल गुर्जर ने किया और आभार केशुराम गुर्जर ने माना। इस अवसर राजेश पाटीदार कमल भरत किशन पाटीदार अजय पाटीदार सत्यनारायण शर्मा मांगीलाल कुमावत रणजीत सिंह दरबार लाल सिंह धनगर, गोपाल पाटीदार, रीतेश पाटीदार ,कुलदीप पाटीदार, दिनेश पाटीदार लियाकत अली आदि उन्नतशील किसानों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों संबंधी बैठक सपन्न

नीमच। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में पुलिस विभाग एवं जिला निर्वाचन की ओर से पावर पाईट प्रजेन्टेशन दिया गया। कलेक्टर द्वारा रिटर्निग आफीसर्स एवं विधानसभा क्षेत्रस्तर के समकक्ष पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ गत निर्वाचन की जानकारी के आधार पर संवेदनशील मतदान केन्द्रों, वल्नरेबल क्षेत्र, वल्नरेबल व्यक्तियों तथा इंटीमिडेटर (प्रभावित करने वाले व्यक्तियों) की जॉच उपरांत भौतिक रूप से सत्यापन करने तथा अन्य राज्यव जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर जॉच चौकियों एवं नाकाबंदी के लिए स्थल का चयन कर, इसके लिए लगने वाले आवश्यक पुलिस बल का आंकलन करने के निर्देश दिए गए।

# क्षेत्र को रेलवे की बड़ी सौगात

### सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयास से रेलवे ने मंदसौर सुवासरा रेल मार्ग की अंतिम सर्वे की स्वीकृति प्रदान की, सर्वे हेतु 1 करोड़ 62 लाख रूपये स्वीकृत



मंदसौर। मंदसौर जिले वासियो को एक ओर बड़ी सौगात जल्द ही मिलने वाली है। रेलवे द्वारा मंदसौर से सुवासरा नई रेल लाईन का अंतिम सर्वे के निर्देश का पत्र जारी किया गया है। इस नई रेलवे लाईन के लिए सांसद सुधीर गुप्ता लगातार प्रयासरत है। सांसद सुधीर गुप्ता ने इसके लिए रेलवे के उच्चाधिकारियों से चर्चा की।

मंगलवार को रेलवे द्वारा मंदसौर से सुवासरा 65 किलोमीटर नई रेल लाईन हेतु अंतिम सर्वे के आदेश जारी किए है। रेलवे द्वारा इस हेतु 1 करोड़ 62 लाख 50 हजार की राशि भी स्वीकृत की। इस नई रेल लाईन से दिल्ली मुम्बई के लिए नई लिंक मिलेगी। 2014 में सांसद बनने के पश्चात मंदसौर-सुवासरा के लिए नई रेल लाईन के लिए क्षेत्रवासियो की इस मांग को उन्होने गंभीरता से लेकर समय-समय पर रेलवे के उच्चाधिकारियों और रेल मंत्री इस रेल लाईन के लिए लगातार प्रयासरत रहे। परिणाम स्वरूप आज रेलवे मंत्रालय दिल्ली द्वारा पत्र जारी कर इस लाईन का अंतिम सर्वे की स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही सर्वे हेतु राशि भी स्वीकृत की गई। जहां क्षेत्र के निवासियों में इस योजना को लेकर हर्ष है वहीं सांसद गुप्ता ने इस सर्वे स्वीकृति के लिए बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

### सरवानिया में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने महिलाओं व बालिकाओं को निशुल्क दिखाई द केरला स्टोरी मूवी



सरवानिया महाराज। शहर में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के छात्रों की ओर से द केरला स्टोरी फिल्म निशुल्क दिखाई गई। जिसमे नगर सहित आस पास क्षेत्र की 300 से ज्यादा महिलाए व छात्राएं मूवी देखने पहुची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्तता सहित नगर के कार्यकर्ता परिषद सामुदायिक हाल (डोम) पहुचे वहां की व्यवस्था देखी। तत्पश्चात सभी महिलाओं को विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रोजेक्ट पर मूवी दिखाई गई। इस दौरान विद्यार्थी परिषद प्रांत सह मंत्री रागिनी जी यादव ने मौजूद छात्राओं व महिलाओं को बताया कि आज विद्यार्थी परिषद ने यह फिल्म दिखाई है। सभी महिलाएं इसे जरूर देखें। यह फिल्म देखने से उन्हें उनकी सभ्यता और संस्कृति, नैतिकता और उनका अनुशासन बना रहे और बच्चियां गलत कदम उठाने से बची रहे।

# एक हजार रूपये की राशि मिलने पर लाडली बहनाएं अपने भाई शिवराज को दे रही है दुआए

### लाडली बहनाए मुयमंत्री जी की मुतकंठ से कर रही प्रंशसा



नीमच। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रूपये की राशि जमा करवाई गई है। यह राशि प्राप्त होने पर नीमच जिले की लाडली बहनाएं अपने भाई श्री शिवराजसिंह चौहान को दुआएं देते हुए मुख्यमंत्री जी की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत एक हजार रूपये की राशि धीरे-धीरे बढाकर, तीन हजार रूपये करने की घोषणा से भी लाडली बहनाए काफी उत्साहित और प्रसन्न है। लाडली बहनाओं का कहना है,कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने बेटियों के मामा व बहनाओं के भाई होने का फर्ज निभाया है। बहनाओं की खुशियां बढाने का काम किया है।

नीमच जिले के मनासा के वार्ड नं.13 निवासी लाडली बहना अर्चनादेवी लाडली बहना योजना के तहत एक हजार रूपये की राशि मिलने पर प्रन्नता व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त कर रही है। मनासा निवासी लाडली बहना ज्योति, चन्द्रकला, सुमित्रा एवं टम्मा कुशवाह भी एक-एक हजार रूपये की राशि पाकर काफी खुश है। नीमच जिले की विकास खण्ड जावद के ग्राम ताल निवासी लाडली बहना पुष्पा सेन भी एक हजार रूपये की राशि मिलने पर काफी खुश है। वहा मुख्यमंत्री जी द्वारा हजार रूपये की राशि बढाकर , तीन हजार रूपये करने की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद दे रही है।

### रोटरी लब ने जिला अस्पताल को भेट की 3 हाईलो आसीजन व 2 बायपेफ मशीन, टीवी मरीजो को भी वितरित किये पोषण आहार किट

नीमच। सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब द्वारा सोमवार को जिला अस्पताल के लिए 3 हाईफ्लो ऑक्सीजन मशीन और 2 बायपेफ मशीन भेंट की गई है इसके साथ ही प्रधानमंत्री क्षय मुक्त भारत अभियान की योजना को आगे बढ़ाते हुए रोटेरियन साथी के सहयोग से करीब 31 पोषण आहार किट भी टीवी मरीजो को वितरित किए गए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सतीश तोतला ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय क्लब सेवा के प्रकल्प में हमेशा आगे रहा है इसी श्रंखला में रोटरी क्लब नीमच के द्वारा आज जिला अस्पताल को 3 हाईफ्लो ऑक्सीजन और 2 बायपैड मशीन भेंट की गई है जो मरीजों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी इसके अतिरिक्त रोटेरियन साथी मनोज बाहेती के सहयोग से क्षय मुक्त भारत अभियान योजना को आगे बढ़ाते हुए करीब 31 टीवी मरीजो को पोषण आहार किट वितरण किए गए हैं। इसी दौरान जिला प्रशासन ने भी अपनी ओर से 150 किट टीवी मरीजों को यहां भेट किए हैं। इस दौरान कलेक्टर दिनेश जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर एस बघेल सिविल सर्जन ए के मिश्रा, डॉक्टर मनीष यादव, महेंद्र पाटील, रोटरी डिस्टिक के पूर्व पीडीजी गजेंद्र रणक एवं आगामी पीडीजी श्री मल्होत्रा अध्यक्ष सतीश तोतला विजय जोशी सहित रोटरी क्लब की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### मंदसौर-बांसवाडा नवीन रेल मार्ग के अंतिम सर्वे के आदेश जारी

# अंतिम सर्वे हेतु 3 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की

मंदसौर। मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता व चितौडगढ़ सांसद सीपी जोशी के संयुक्त प्रयास से दोनो क्षेत्र को बड़ी सौगात प्राप्त हुई। रेलवे द्वारा 120किमी मंदसौर-बांसवाडा नवीन रेल मार्ग हेतु मंगलवार को अंतिम सर्वे की स्वीकृति जारी की गई। जिसमें मंदसौर से प्रातपगढ़ घाटोल के सर्वे हेतु 3करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई। ज्ञात रहे मंदसौर व चितौड़ के सांसदद्वय काफी लंबे समय से प्रयासरत थे। इस सर्वे से काफी समय से लंबित बांसवाडा रेलमार्ग की उम्मीदो का श्रीगणेश हुआ और सीधे क्षेत्र की जनता को मध्यप्रदेश से राजस्थान होकर गुजरात के लिए एक नया रेलमार्ग मिल जाएगा।

सांसद गुप्ता ने बताया कि इस रेल मार्ग के सर्वे के लिए वह रेल मंत्री से लगातार संपर्क में थे और इस हेतु वे पत्राचार के माध्यम से इस मार्ग की आवश्यकता और उपयोगिता को लेकर हमेशा मिलते रहे। क्षेत्र की आवश्यकता को प्राथमिकता से लेते हुए रेलवे मंत्रालय द्वारा इस रेल मार्ग की अंतिम सर्वे की स्वीकृति हेतु पत्र जारी कर सर्पे के लिए 3करो? की राशि भी जारी की गई।

सांसद गुप्ता ने बताया कि मोदी सरकार के 9 वर्षो के कार्यकाल में पूरे देश में अभूतपूर्व विकास किया है और मोदी सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए दृड़ संकल्पित है। सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

### 10वीं की 24 तक चलेगी परीक्षा

नीमच। माशिमं द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 17 जुलाई को कक्षा 12वीं के एक विषय में पूरक छात्रों की परीक्षा होगी। कक्षा 12वीं के सभी संकाय के पूरक छात्रों की परीक्षा इस एक दिवस में ही हों जायेगी। इसके पश्चात कक्षा 10वीं के छात्रों की पूरक परीक्षा 18 जुलाई से आरम्भ होगी, जो 24 जुलाई तक चलेगी। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 9 से 12 बजे तक होगी।

### फर्राटेदार सायलेंसरः विशेष अभियान के तहत धराये 10 बुलेट वाहन

नीमच। जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक महोदय, अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान सोमवार दिनांक 19-06-23 को पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में तेज आवाज वाले सायलेंसर वाले बुलेट के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया जिसमें यातायात पुलिस द्वारा 10 बुलेट जप्त की गई । जिनकी अग्रीम कार्यवाही पृथक से की जावेगी। यातायात पुलिस आमजन से अपील करती है कि अपने बुलेट वाहनों में फर्राटेदार सायलेंसर का उपयोग ना करे । अन्यरथा उचित वैधानिक दण्डात्मेक कार्यवाही की जायेगी।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना कुकडेश्वर पुलिस की कार्यवाही



नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नीमच अमित तोलानी द्वारा जिले मे नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब की बिक्री/ निर्माण पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिये सभी थाना प्रभारियो को निर्देश दिये गये है। जिसके पालन मे आज दिनांक 20.06.2023 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुन्दरसिंह कनेश व एसडीओपी महोदय मनासा यशस्वी शिंदे के निर्देशन में थाना प्रभारी कुकडेश्वर निरीक्षक संदीप तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम तलाउ के नालो मे जहां पर अवैध कच्ची शराब का निर्माण किया जाता है उक्त स्थानो में दबिश देकर अलग-अलग स्थानों से 2000 लीटर लहान और कच्ची शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये गये है तथा एक आरोपी से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा 17 जुलाई को, 10वीं की 18 से

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने विगत माह कक्षा 10वीं, 12वीं का परिणाम जारी किया है। इसमें जिन छात्रों का परिणाम पूरक रहा, उनके लिए पूरक परीक्षा में बैठने फार्म जारी किए गए हैं। जिन छात्रों ने पुर्नगणना के लिए आवेदन किया है, उनके परिणाम आने के उपरांत वह परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले यानि 16 जुलाई तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। माशिमं ने 17 जुलाई से पूरक परीक्षा कराने का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। साथ ही; ऑनलाइन फार्म भर चुके छात्रों के प्रवेश पत्र 30 जून तक जारी करने की बात कही है।

# नशामुक्ति अभियान के तहत सिंगोली पुलिस ने कि अवैध शराब बनाने वाले पर की कार्यवाही



नीमच। भारत सरकार गृहमंत्रालय के द्वारा दिनांक 12.06.2023 से 26.06.2023 तक चलाये जा रहे नशे से आजादी पखवाडा के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अमित तौलानी ने सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुन्दरसिंह कनेश एंव अनुविभागीय अधिकारी जावद पुलिस रामतिलक मालवीय के मार्गदर्शन मे तथा थाना प्रभारी सिंगोली निरीक्षक केसी चौहान के नेतृत्व मे मुखबिर सूचना पर नशा खोरों सौदागरों के विरूद्ध कार्यवाही की जाकर सिंगोली क्षेत्र के ताल कोज्या रोड ग्राम ताल पर दबिश देकर आरोपी पन्ना पिता भेरू भील उम्र 50 साल निवासी ग्राम आम्बा से 5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब कीमती 500 रू की जप्त कि जाकर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

जहां आरोपी पन्ना भील के द्वारा द्वारा बताया गया कि व कच्ची शराब आम्बा गॉव के जंगल मे बनाता है जहां मौके पर जाकर 80 लीटर लहान नष्ट एवं कच्ची शराब बनाने के उपकरण को जप्त किया गया।

# मनासा पुलिस को मिली सफलता : मादक पदार्थ डोडाचुरा का फरार 5000रू का ईनामी आरोपी गिरतार

नीमच। म0प्र0 शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देषानुसार चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के फरार आरोपीयो की गिर0 के अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अमीत तोलानी द्वारा अवैद्य मादक पदार्थ के फरार आरोपीयो की धरकपड हेतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देषित किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री सुंदरसिंह कनेष व एसडीओपी मनासा सुश्री यषस्वी षिंदे के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मनासा आरसी दांगी के नेतृत्व में थाना मनासा टीम द्वारा 5000रू का ईनामी फरार आरोपी तुफान पिता बंषीलाल बंजारा उम्र 36 साल नि0 गोगल्याखेडी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 11.02.2021 को सउनि0 प्रहलाद पंवार को उनके विश्वसनिय मुखबीर ने थाना उपस्थित होकर सुचना दी कि दो व्यक्ति जो राजस्थान पंजाब तरफ के लग रहे है जिनके पास बैगो मे डोडाचुरा भरा है जो गणेश मंदिर मनासा कंजार्डा रोड भाटखेडी के पास, से राजस्थान पंजाब तरफ जाने के लिये बस का इंतजार कर रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी कुलजीत सिह पिता दिवान सिह जाति रायसिख उम्र 24 साल निवासी सुरेवाला थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ राज. व रिंकुसिह पिता हरवंश सिह जाति रायसिख उम्र 26 साल निवासी न्यु स्लेमशाह थाना व जिला फाजिलका पंजाब के कब्जे से दो बेगो में भरा अवेध मादक पदार्थ डोडाचुरा

कुल वजनी 19 किलो 710 ग्राम जप्त किया जाकर अपराध क्रं 68/2021 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया था तथा उक्त प्रकरण मे आरोपी तुफान पिता बंषीलाल बंजारा उम्र 36 साल नि0 गोगल्याखेडी का घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रूपये के ईनाम की उदघोषणा की गई थी।

जो फरार ईनामी आरोपी तुफान पिता बंषीलाल बंजारा उम्र 36 साल नि0 गोगल्याखेडी को मुखबीर सुचना पर थाना मनासा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया व आरोपी को माननीय न्यायालय पेष किया गया है।

इस सराहनीय कार्य में निरी0 आर दांगी एवं उनकी टीम सउनि0 भंवरसिंह भुरीया, प्रआर नवीन तिवारी, आर नवीन हाडा, आर धर्मेन्द्रसिंह का महत्वपुर्ण योगदान रहा है।

## लैस बैनर मामले में नपाध्यक्ष ने रखी अपनी बात, कहा प्रशासक ने तय की थी दरें

# किसी और की गलती, तो नपाध्यक्ष दोषी यों . . .?

**`ले स बैनर प्रकाशित करवाने का आरोप लगाया गया। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा द्वारा कुछ पत्रकारों के समक्ष इस पूरे मामले पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उक्त टेंडर तत्कालीन प्रशासक के कार्यकाल में तय किया गया था**

नीमच। देखा जाऐं तो नगरपालिका में टेण्डरों मे कई तरह की विसंगतियां आए दिन देखने को मिलती रहती है। वहीं कुछ मामलों में तो भ्रष्टाचार पकड़ में भी आते रहे है। हाल ही में नगर पालिका नीमच के नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति द्वारा फ्लेक्स बैनर और प्रिंटिंग के नाम पर लाखों पर घोटाले का आरोप लगाते हुए एक लेख स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित करवाया गया। जिसमें वर्तमान परिषद पर बढ़ी हुई दरों से फ्लेक्स बैनर प्रकाशित करवाने का आरोप लगाया गया। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा द्वारा कुछ पत्रकारों के समक्ष इस पूरे मामले पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उक्त टेंडर तत्कालीन प्रशासक के कार्यकाल में तय किया गया था इसका भुगतान मात्र इस परिषद द्वारा किया गया है। उक्त भुगतान ऑडिट द्वारा क्लियर होने के बाद थी भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिषद द्वारा ऐसा कोई टेंडर पास नहीं किया गया है।

नपाध्यक्ष ने कहा जल जीवन मिशन 2019 में प्रारंभ हुआ लेकिन कोरोनाकाल में कार्य अटक गया। बाद में वर्ष 2022 में फिर जल जीवन मिशन के कार्य प्रारंभ हुए। प्रचार-प्रसार के लिए फ्लेक्स, बैनर और प्रिंटिग के टैंडर कॉल और दरें प्रशासक द्वारा तय की गई थी। तत्कालीन प्रशासक द्वारा दरें तय करने के बाद कार्य का वर्क आर्डर दिया गया। यह सारा कार्य 3 अगस्त 2022 तक पूरा हो गया था और नगरपालिका परिषद् 10 अगस्त 2022 को अस्तित्व में आई और नपाध्क्ष के रूप में स्वाति चौपड़ा ने शपथ ली।



उसके बाद ऑडिट से फाइल क्लीयर होने के बाद सीएमओ और नपाध्यक्ष ने कार्य का भुगतान किया। नेता प्रतिपक्ष झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रहे है और सत्यता जनता से छूपा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि फ्लेक्स, बैनर की दरें नपाध्यक्ष और भाजपा परिषद् ने बदल दी जबकि सत्यता यह कि 7 जनवरी 2022 से लेकर अगस्त 2022 तक नगरपालिका परिषद् मे प्रशासक बैठा था। उस तक के सभी कार्यों की दरें प्रशासक ही तय करता था सात रुपए दर भी प्रशासक ने तय की थी और 88 रुपए भी प्रशासक द्वारा तय की गई। नपा अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ओर परिषद् का नाम कहां से आया। नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने कहा नेता प्रतिपक्ष सिर्फ झूठे आरोप लगाते हैं। मैं अध्यक्ष नहीं थी, उसके पहले सारे कार्य हो गए। सिर्फ झूठे आरोप लगाकर हमारी और भाजपा परिषद् की छवि खराब करना चाह रहे हैं। उनके झूठ का पर्दाफाश हो गया हैं।

***इस पूरे मामले में नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति ने कहा माना कि सारा कार्य प्रशासक के कार्यकाल में हुआ लेकिन कार्यादेश इनके कार्यकाल में ही हुआ और भुगतान रोकना था, भुगतान रूक जाता तो भष्टाचार रूक जाता। नगरपालिका अध्यक्ष का दायित्व होता है कि वह सोच-समझकर कार्य करे। प्रशासक भी भाजपा के शासन में था इसलिए भाजपा नेताओं के ईशारे पर कार्य कर रहा था, इसलिए सवाल उठाया।***

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## सचिव मुकेश गंगवाल अस्वस्थ, फिर भी एक से अधिक पंचायतों में कार्य करने की चाहत नहीं हो रही खत्म



**नीमच।** जिले की मनासा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुवासरा बुजुर्ग व भदाना मे पदस्थ सचिव मुकेश गंगवाल का लोभ इतना सर चढ़ गया है कि एक साथ कई पंचायतों मे पदस्थ होकर कीर्तिमान रचना चाहते है।

प्राप्त जानकारी अनुसार इस वक्त सचिव मुकेश गंगवाल अस्वस्थ चल रहे है, और दुसरे राज्य में अपना इलाज करवा रहे है। ऐसी जानकारी उनके सम्बंधितों से प्राप्त हो रही है, लेकिन उन्होंने अपना मेडिकल लीव लिया है, या नहीं इसकी जानकारी कोई भी नहीं दे पा रहा है। वहीं कयास यह भी लगाए जा रहे है कि दोनो पंचायतों के जिम्मेदार भी सचिव की उपस्थिती बताकर पूरा सहायोग कर रहे है। मुकेश गंगवाल ने प्रदेश में सचिवों के स्थानांतरण पर प्रतिबंध होने के बावजूद अपने रसुख से मंत्रालयीन आदेश आमद पंचायत के करवा रखे है, जो एक बहुत बड़ा सांठ-गांठ का प्रमाण है।

अस्वस्थ चल रहे सचिव मुकेश गंगवाल की जानकारी निकालने पर पता चला है कि 1995 में आमद पंचायत में नियुक्ति हुई थी जहां पर इन्होंने एक लम्बा अरसा निकाला। उसके बाद यह बडे लम्बे समय तक भदाना में पदस्थ रहे फिर सुवासरा बुजुर्ग पंचायत मिली तो भदाना का प्रभार अभी तक बरकरार है। अंदाजा यह लगाया जा सकता है कि यह कितने प्रबल है या फिर सभी में पंचायतों की रेवड़ी धड़ल्ले से बांट रहे है जिसके चलते यह अपनी मर्जी की पंचायत में धाक से पदस्थ रहते है और जिला प्रशासन को कुछ भी ना कर पाने की खुली चुनौती सिधे मंत्रालय से वापस आमद में काबिज होने के ओदेशों से दे रहें है।


पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश
//आदेश//
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
( अमरपाल सिंह )
संचालक-सह-आयुक्त
पंचायत राज संचालनालय म.प्र.


मंत्रालय के आदेश में जिला प्रशासन को भी प्रति प्रेषित की है जिसमें आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, यानी जिला प्रशासन चाहे तो इनकी चाहत को छलनी कर सकती है। जाहिर है कि इन्होंने अपने गृह क्षेत्र की पंचायत को मांगा जिससे की यह जमकर पहले की तरह चांदी काट सके। जिला प्रशासन को ऐसे लोकसेवक जो राजस्व पर नियती खराब रखते हो उनकों उनकी पसंद से दुर रखना होगा तभी आमजन में उच्च अधिकारीयों की कार्यशेली पर भरोसा कायम होगा। पता यह चला है कि जिले एवं जनपदों में स्थानांतरण करवाने की होड़ मच रही है और सूची जल्द ही जारी हो सकती है इसलिए जिला प्रशासन को विशेष रूप से अस्वस्थ सचिव मुकेश गंगवाल को लाभांवित करते हुए भदाना का अतिरिक्त प्रभार, सुवासराबुजुर्ग से मुक्त कर इनकी पसंद व गृह पंचायत आमद से दुर रखा जाकर अन्य एक ही पंचायत जो इनके समीपस्थ हो दी जानी चाहिए।

बतादें कि सचिव मुकेश गंगवाल के इतने समय में पंचायतों में भी कई वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी मिली है जिनको जल्द ही सबुतों के साथ प्रकाशित किया जाऐगा।

## जाजू सागर बांध क्षेत्र में केमिकल उपयोग व क्षमता वृद्धि की मांग

नीमच। सीताराम जाजू सागर बांध क्षेत्र में केमिकल उपयोग व क्षमता वृद्धि की मांग को लेकर मंगलवार को नपा सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा व जलकल सभापति छाया जयसवाल एवं वंदना खंडेलवाल कलेक्टर दिनेश जैन से मिले और उन्हें एक सुझाव पत्र सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि सीताराम जाजू सागर बांध की डूब में न आने वाली भूमि पूर्वाअनुसार कृषि कार्य हेतु दिए जाने संबंधी प्रस्ताव परिषद में प्रस्तुत किया गया था परिषद बैठक के दौरान पार्षदों द्वारा बांध क्षेत्र में कृषि के दौरान यूरिया व केमिकल उपयोग किए जाने से पेयजल में हानिकारक केमिकल मिलने का तथ्य संज्ञान में लाया है इसी प्रकार बांध क्षेत्र में अवैध खेती व अवैध पानी चोरी की शिकायतें भी प्राप्त हो रही है वर्तमान में बांध क्षेत्र से नापा नीमच को पेयजल सप्लाई कर रही है तथा भविष्य में नवीन कॉलोनियों के निर्माण व समीपस्थ पंचायत क्षेत्रों में नापा क्षेत्रों में सम्मिलित होने से अधिक पेयजल की आवश्यकता होगी जिसको लेकर बांध की क्षमता वृद्धि हेतु कोई प्रयास वर्तमान तक नहीं किए गए हैं

परिषद बैठक में पार्षदो के मतानुसार सीताराम जाजू सागर बांध क्षेत्र के सीमांकन व पार्षदों की समिति गठित का निर्णय लिया गया है समिति बांध क्षेत्र के संबंध में सीमांकन व भूमि के संबंध में जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी जिसे परिषद द्वारा पटल पर रखा जाएगा उक्त परिस्थितियों में भविष्य की आवश्यकता के दृष्टिगत को सौगात देकर जीवन की मूलभूत आवश्यकता जल पूर्ति करना नितांत आवश्यक है जिसके लिए भविष्य की आवश्यकता का पूर्वानुमान कर बांध की क्षमता में वृद्धि की जाना उचित है इस दिशा में सर्वप्रथम सीताराम जाजू सागर बांध भूमि का सीमांकन किया जाना है नीमच नगर पालिका को भविष्य में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति किए जाने की दिशा में कार्यवाही की जाना है उक्त सुझाव पत्र के बाद कलेक्टर दिनेश जैन ने भी मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देखकर बांध की क्षमता वृद्धि हेतु योजना बनाने की बात कह कर सहमति प्रदान की है।




# कलेटर को ही कर रहें है अधिकारी भ्रमित, कैसे करें इन पर भरोसा...

### जिला पंचायत अ. सीईओ डामोर ने कलेक्टर को किया जांच करने की जानकारी के नाम पर भ्रमित, कलेक्टर कार्यालय के आधिकारीक ट्विटर हेण्डल से किए गए री-ट्विट में हुआ खुलासा... चौथासमय को किया री-ट्विट...

**नीमच।** जिले की पंचायतों में लगातार हो रहे भ्रष्टाचारों के समाचार प्रकाशित किए जाने के बावजूद देखने में आ रहा है कि जिला पंचायत नीमच द्वारा न्यायोचित कार्रवाई ना करते हुए दोषियों के खिलाफ रीयायत बरती जा रही है। उक्त संदर्भ में 5 जुलाई को भी एक समाचार प्रकाशित किया गया था, जिस पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लिया तो जिला पंचायत सीईओ ने अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ को जवाब देने के लिए आगे कर दिया। चौथासमय को ट्विटर पर कलेक्टर कार्यालय के आधिकारिक हेण्डल से री-ट्विट से पता चला है कि अभी तक सभी मामलों में जांच हि चल रही है, लेकिन इस जांच की हकीकत क्या है समाचार के माध्यम से 2 दिन पूर्व सार्वजनिक कर दिया गया था।




ट्विटर पर कलेक्टर कार्यालय ने री-ट्विट कर बताया है कि 'जिला पंचायत नीमच के अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर ने बताया कि प्रकरण में नियमानुसार जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी।' यहां पर आपको बतादें कि जनपद स्तरों पर नियमानुसार जांचे कर प्रतिवेदन जिला पंचायत को कई समय पूर्व ही प्रेषित कर दिए गए है, लेकिन फिर भी उन पर समय व नियमानुसार उचित कार्रवाई ना करते हुए मामले ठण्डे बस्ते में डाल दिए गए है। यह सब कौन कर रहा है और किसके इशारों पर हो रहा है इसका भी जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। कहीं ऐसा तो नहीं की भ्रष्टाचार की आंच ने जिला पंचायत को भी अपनी आगोश में ले लिया है, क्योंकि कई बार इन भ्रष्टाचारियों से 'हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है' के गुबार फुटते हुए देखे है, और समय पर कार्रवाई ना होना भी यही साबित करता है।

जिला कलेक्टर द्वारा समाचार पर संज्ञान लिया गया तो अतिरिक्त सीईओ से जवाब दिलवाना किस हद तक सही है या बात कुछ और ही है, यह तो सीईओ गुरूप्रसाद ही बता सकते है, लेकिन सही जानकारी इनके द्वारा कलेक्टर को क्यों नहीं दी गई और जांच के नाम पर भ्रमित क्यों किया गया यह एक बड़ा सवाल जिला प्रशासन के लिए है। जनसुनवाई मे कलेक्टर के साथ हमेशा साथ बेठने वाले सीईओ खुद समाचार पर जवाब देने के लिए कहा गायब हो गए? जब विभाग के आला अधिकारी ही जिला कलेक्टर को गंभीरता से नहीं ले रहे है तो आमजन का क्या हाल हो रहा होगा। जनसुनवाई में अपने साथ बैठने वाले जिला पंचायत के इन आला अधिकारी से जिला कलेक्टर को इन बिन्दुओं पर चर्चा कर मनासा के पिपल्याहाड़ी पंचायत के तत्कालीन सचिव राजेन्द्रसिंह अखावत पर तत्काल पंचायती राज अधिनियम में कार्रवाई के साथ निलंबित कर राशि वसूल कि जा कर एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए क्योंकि मनासा जनपद की जांच मे 2.90 लाख का गबन साबित हो चुका है।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।